हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 करकरा गांव में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पर...



12 विधायक ने किया रक्तदान के लिए जवाहर को...





## खबर संक्षेप

### विधायक रोहित का जनदर्शन स्थगित

**राजिम।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय बैठक के चलते 19 सितंबर शुक्रवार को



रायपुर प्रवास पर रहेंगे। शुक्रवार को उनका निर्धारित जनदर्शन कार्यक्रम आगामी तिथि में आयोजित होगा। तथा क्षेत्रवासियों के लिए पूर्व की भांति उपलब्ध रहेंगे। यह जानकारी विधायक रोहित साहू के निज सहायक किशोर साहू ने दी है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम अछोला में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में दो लोगों के विरूद्ध तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रूपसिंग ग्राम अछोली ने बताया कि 17 सितंबर की शाम को वह अपने दोस्त ठंढु साहू के साथ अछोला शराब भट्ठी गया था। वहां प्रदीप निषाद एवं उसका भाई संजय निषाद आए और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### मारपीट के मामले में तीन के खिलाफ जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम ठाकुरदिया खुर्द में एक व्यक्ति से मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफ पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को दिनेश निषाद निवासी ग्राम माटीदरहा थाना सांकरा ने बताया कि वह पितर कार्यक्रम में शामिल होने ठाकुरदिया खुर्द चाचा अनंत राम निषाद के यहां 16 सितंबर को गया था।र रात करीब 11.30 बजे वह अपने चाचा के द्वारा मछलीपालन के लिए ठेका लिए हुए तालाब की ओर गया था। उसी समय गांव के शिवा जोशी, अंजोर जोशी एवं राहुल जोशी ने हमारे गांव में क्यों आये हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### जीएसटी में कटौती से व्यापारियों में खुशी

**महासमुंद।** जीएसटी के भाजपा जिला सदस्य पंकज चंद्राकर ने जीएसटी में की गई कटौती को व्यापारियों के लिए लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि इससे छोटे और बड़े व्यापारियों में खुशी की लहर है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक रूप से बहुत मजबूत हो रहा है। 28 प्रतिशत वाले जीएसटी 18 प्रतिशत और 18 वाले जीएसटी को 5 प्रतिशत करने से रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती होगी और मध्यमवर्गीय परिवार को बजट में लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से सभी को लाभ मिलेगा।

### शासकीय स्कूलों में आज से तिमाही परीक्षा

**महासमुंद।** शासकीय स्कूलों में आज से तिमाही परिक्षाओं की शुरुआत होगी। जिसके लिए स्कूलों को प्रश्न-पत्र का वितरण कर दिया गया है। तिमाही परीक्षा अब तक पढ़ाए गए पाठयक्रम के अनुसार ही ली जाएगी। पहली से पांचवीं की परीक्षा 19 से 26 सितंबर तक होगी। यह सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक होगी। छठवीं से आठवीं कक्षा की परीक्षा 19 सितंबर से 26 सितंबर तक होगी। जिसका समय 10:30 बजे से 1:30 बजे तक होगा। 9 वीं कक्षा और 11 वीं कक्षा की परीक्षा का समय 10:30 से एक बजे तक रखा गया है। वहीं 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा का समय 1:30 बजे से शाम चार बजे तक रखा गया है। तिमाही परीक्षा ढाई घंटे का होगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से 16 सितंबर को प्रश्न-पत्र वितरण किया गया।

## शुभारंभ : राजिम में मेमू ट्रेन को सीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# सस्ती व सुलभ रेल सेवा, यात्रियों को होगा लाभ : सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम-रायपुर के बीच मेमू ट्रेन सेवा को लेकर पिछले दो दिनों से राजिम और नवापारा दोनों शहर के लोगों में जबर्दस्त खुशी और उत्साह का वातावरण देखा गया। इस ट्रेन का शुभारंभ गुरूवार दोपहर सीएम विष्णुदेव साय ने हरी झंडी दिखाकर जैसे ही रवाना किया वैसे ही हर किसी के चेहरे में नए मुस्कान के साथ खुशियां सामने छलक आई। संचालक द्वारा कार्यक्रम के शुरूआत के पहले ही कहा जाता रहा कि आज की ट्रेन सेवा फ्री है। गाड़ी डोंगरगढ़ तक जाएगी तो इतना सुनते ही स्टेशन परिसर में मौजूद लोग फटाफट ट्रेन में चढ़ गए मिनटो में ही ट्रेन की सभी बोगी भर गई। मेमू ट्रेन को दुलहन की तरह सजाया गया था। ट्रेन की खुबसूरती देखते ही बन रही थी। हर कोई अपने मोबाइल के मरे से फोटो खींचते रहे। सेल्फी मारते रहे और सोशल मीडिया में लोड करते रहे। मेमू ट्रेन का शुभारंभ पूरा दिन सोशल मीडिया में छाया रहा। बहरहाल ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के पूर्व एक गरिमामय समारोह के बीच सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि आज का यह दिन न केवल धर्मनगरी राजिम के लिए ऐतिहासिक क्षण है बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ विकास के पथ पर बहुत तेजी के साथ अग्रसर हो रहा है। यह रेल सेवा छत्तीसगढ़ के विकास में नया आयाम है। देश और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद निरंतर छत्तीसगढ़ को मिल रहा है और छत्तीसगढ़ का जो भी विकास हो रहा है नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से हो रहा है। उन्होने मेमू ट्रेन के शुभारंभ अवसर पर पूरे क्षेत्रवासियो को अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी। सीएम श्री साय ने कहा कि सस्ती एवं सुलभ नई ट्रेन सुविधा मिलने से क्षेत्र के लोगों में आज अपार उत्साह का वातावरण देखने को मिल रहा है। लोग खुशी और उमंग के साथ ट्रेन में सवार होकर रायपुर के लिए रवाना हुए। इस नई रेल सेवा से राजिम सहित गरियाबंद एवं देवभोग क्षेत्र के लोगों को भी रायपुर तक सस्ती ट्रेन सुविधा का लाभ मिल गया है। राजिम से रायपुर तरफ यात्रा करने के लिए सुगम, सुलभ और किफायती विकल्प मिल गया है। ट्रेन में सवार यात्रियों ने राजिम से रायपुर जाने के लिए ट्रेन की सुविधा मिलने पर खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री श्री साय का आभार जताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रयाग राजिम रेल नेटवर्क से जुड़ गया है। रायपुर एवं राजिम के मध्य आने-जाने के लिए यात्री सुविधा में बढ़ोतरी हो गई है। ग्रामीण अंचलों से राजधानी रायपुर का आवागमन अधिक सुविधाजनक बन गया है। राजधानी आने जाने वाले विद्यार्थी, नौकरीपेशा वर्ग और व्यापारी सहित सभी वर्ग के लिए यह ट्रेन विशेष रूप से उपयोगी होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के आशीर्वाद से लगातार 19 महीना से विकास के गति में अग्रसर है। नई ट्रेन राजिम से रायपुर तक जाएगी, इससे लोगों को काफी लाभ होगा। लगभग 8 साल पहले धमतरी से एक नैरोगेज ट्रेन रायपुर तक चलती थी। 8 साल बाद यहां ब्रॉडगेज ट्रेन की सुविधा उपलब्ध हुई। इसके लिए मैं पूरे छत्तीसगढ़ की जनता की तरफ से हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार जताता हूं। छत्तीसगढ़ में रेलवे के लगभग 44000 करोड़ के परियोजना चल रहे है। बजट 2025- 26 के बजट में करीब 7000 करोड़ के बजट प्रावधान किया गया है। इससे प्रदेश में तेजी से रेल सेवाओं का विकास एवं विस्तार किया जा रहा है।





### सरकार राजधानी से धर्मनगरी को जोड़ने का काम किया : अग्रवाल

इस अवसर पर रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार राजधानी से धर्मनगरी को जोड़ने का काम की है। दिसंबर तक यह मेमू ट्रेन राजिम से धमतरी तक जाएगी। श्री अग्रवाल ने रेल्वे के अफसरो का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि इसे अंतागढ़-कांकेर तक जोड़ने का काम हो इससे रायपुर-बस्तर रेल सेवा से जुड़ जाएगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि रेल्वे जहां पहुंचता है वहां विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य पहुंच जाता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि रेल्वे एक सस्ता साधन है जिसका लाभ आमजनों को मिलता है। उन्होने सीएम का ध्यान आकर्षित करते हुए राजिम कॉरिडोर बनाने आग्रह किया। कार्यक्रम में मौजूद केबिनेट मंत्री वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि एक आस्था केंद्र से दूसरे आस्था केंद्र में आज इस ट्रेन के माध्यम से जुड़ने जा रहा है। राजिम धर्मनगरी है यहां से सीधे मां बमलेश्वरी देवी के मंदिर डोंगरगढ़ तक बहुत आसानी के साथ क्षेत्र के लोग सफर कर सकेंगे। देश के 103 स्टेशन में 5 ऐसे स्टेशन छत्तीसगढ़ में है जिसे मॉडिफाई किया जा रहा है। बस्तर के रावघाट 140 किमी तक का काम चल रहा है।



महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि यह इस क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। राजिम को कुंभ मेला के नाम से बृजमोहन अग्रवाल ने देश और दुनिया में ख्याति पहुंचाया। यह ट्रेन जीरो बेनिफीट से चलेगी जिससे जनता को लाभ होगा। प्रारंभ में रेल्वे के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, राजिम विधायक रोहित

#### ये रहे शामिल

साहू, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाजनगर पालिका नवापारा के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, नपा के पूर्व सभापति प्रसन्न शर्मा, नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, भाजपा के युवा नेता किशोर देवांगन, सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश ढीढी, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, छाया राही, पूर्णिमा चंद्राकर, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष देहुति साहू, धनमती साहू, साधना सौरज, देवकी साहू, मधु नत्थानी, हर्षा कंसारी, बिलासपुर डीआरएम दयानंद सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, रेल्वे के अधिकारी कर्मचारी एवं भारी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।



## क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को वितरित किया गया पुरस्कार

**मैनपुर।** विकासखंड मैनपुर के बीआरसीसी प्रशिक्षण हॉल में राष्ट्रीय आविष्कार क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के 39 संकुलों से 3-3 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर और जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में गणित और विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता के बाद, प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान, बीईओ महेश पटेल, बीआरसीसी एसके नागेश, प्राचार्य रामप्रसाद साहू, प्रकाश देवांगन और अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।

# विद्युत संविदा कर्मचारी संघ का धरना व आम सभा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ अपने चार सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन में अग्रसर है इसका पहला चरण आज 19 सितंबर से शुरू होगा। जिसमें वितरण कम्पनी के आठों क्षेत्रीय मुख्यालय एवं पारेषण कम्पनी के मुख्यालय में मुख्य अभियंता के माध्यम से अध्यक्ष पावर कम्पनी के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। बताया कि लगातार पत्राचार एवं द्विपक्षीय वार्ता कर हल निकालने की कोशिश किया किंतु संघ के मांगों पर ठोस एवं लिखित आश्वासन देने के बावजूद भी कम्पनी प्रबंधन ने उचित क्रियान्वयन नहीं किया। दी गई जानकारी के मुताबिक बिजली कंपनी में लाइन का कार्य करना अत्यंत ही जोखिम पूर्ण कार्य होता है। लगातार बढ़ते लाइन, कर्मचारी की कमी में सतत विद्युत आपूर्ति बनाए रखने, दबाव पूर्ण कार्य प्रकृति एवं विद्युत लाइन के जाल से उलझा वितरण कम्पनी में विद्युत दुर्घटना का सर्वाधिक शिकार संविदा कर्मचारी हो रहे हैं। प्रति माह किसी न किसी संविदा कर्मचारी के साथ घातक विद्युत दुर्घटना घटित होता



है, जिसमें आज तक लगभग 40 संविदा कर्मियों का निधन हो चुका है। इसके बावजूद सिर्फ नियमितीकरण के आश लिए हुए संविदा कर्मचारी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग हो कर पूर्ण तन्मयता से अत्यंत अल्प वेतन में अपना कार्य बिना आर्थिक सामाजिक सुरक्षा के कर रहे हैं। 1 अक्टूबर को एक दिन का सांकेतिक काम बंद एवं 2 अक्टूबर को राष्ट्रीय पर्व पर पूर्ण रूप से काम बंद किया जाएगा। 9 अक्टूबर को पॉवर कम्पनी मुख्यालय रायपुर में आम सभा एवं विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 18 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल होगा। विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के महामंत्री कमलेश भारद्वाज एवं अध्यक्ष हरिचरण साहू ने बताया कि वितरण एवं पारेषण कम्पनी में कर्मचारियों की भारी कमी है कम्पनी में लाइन कर्मियों के पदों में कुल लगभग 6 हजार से अधिक पद खाली है। 2009 के बाद कम्पनी में लाइन कर्मचरियों की भर्ती भी नहीं किया गया है। जिससे लाइन संबंधित समस्त कार्य संविदा कर्मियों द्वारा ही कराए जा रहे हैं। बिजली व्यवस्था बनाये रखना अत्यंत ही जोखिम पूर्ण कार्य होता है इसीलिए बिजली कंपनी के मैदानी कर्मचारियों को ट्रेड एस्टेब्लिशमेंट नियम के अधीन रखा गया है, जिससे संविदा कर्मचारी नियमित होने के पात्र हैं इसके लिए कम्पनी प्रबंधन ने लीगल सलाह भी लिया है, जिसमें ⏭ शेष पेज 10 पर

# भरूवामुड़ा की 11 बेटियों का संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम पंचायत भरूवामुड़ा की 11 बेटियों का चयन शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के संभाग स्तरीय क्रिकेट मैच के लिए हुआ है, जो महासमुंद में आयोजित होगा। इन बेटियों की सफलता से पूरा गाँव और ग्राम पंचायत अभिभूत है। 17 वर्ष आयु वर्ग की इन चयनित खिलाड़ियों में माध्यमिक शाला भरूवामुड़ा से ललिता ठाकुर, करुणा मरकाम,



रागिनी मरकाम और पेमती शामिल हैं। वहीं, जटियातोरा गाँव से हरिना, भूमिका, संजना, चंद्रकला, जागृति यादव, और चांदनी नेताम का भी चयन हुआ है। इसके अलावा, भरूवामुड़ा ⏭ शेष पेज 10 पर

# साहेबिनकछार में 4 महीने बाद बिजली बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखंड के सुदूर वनांचल में बसे साहेबिनकछार गाँव में पिछले चार महीनों से बिजली नहीं थी। यह गाँव आजादी के 79 साल बाद भी बिजली की रोशनी से वंचित है और यहाँ के ग्रामीण सौर ऊर्जा पर निर्भर हैं। गाँव में क्रेडा विभाग द्वारा लगाई गई सौर ऊर्जा प्रणाली में तकनीकी खराबी के कारण गाँव में अंधेरा छाया हुआ था। ग्रामीण कई बार इसकी शिकायत कर चुके थे, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। जब हरिभूमि अखबार ने 9






सितंबर 2025 को इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया, तो गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने इसका संज्ञान लिया। उन्होंने तुरंत क्रेडा विभाग को गाँव जाकर सौर ऊर्जा प्रणाली को ठीक करने का निर्देश दिया।

#### समस्या का समाधान

कलेक्टर के निर्देश के बाद, क्रेडा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी



साहेबिनकछार पहुँचे। उन्होंने खराब पड़े उपकरण की मरम्मत की और पुरानी बैटरी को बदलकर नई बैटरी लगाई, जिससे गाँव में बिजली वापस आ गई। गांव के पूर्व सरपंच रूपसिंह मरकाम, अर्जुन सिंह, भुवन राम और अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर भगवान सिंह उइके का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हरिभूमि अखबार की खबर और कलेक्टर की तत्परता से ही उनकी समस्या का समाधान हो पाया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा एवं परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

# लोगों को हितग्राहीमूलक बैंकिंग सुविधाओं से करें लाभान्वित : उइके

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उईके की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री उइके ने जिले में बैंकिंग गतिविधियों से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को हितग्राहीमूलक बैंकिंग ऋण सुविधाओं से लाभान्वित करने के निर्देश सभी बैंकिंग अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैठक में जिले के सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासकीय विभागों द्वारा प्रकरण प्रेषित किए जाते हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करें। कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन एवं पशुपालन विभाग द्वारा भेजे गए केसीसी के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें। कलेक्टर ने हितग्राहीमूलक आवेदनों को शाखा लेवल में लंबित नहीं रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर द्वारा जिन बैंक शाखा का ऋण अनुपात कम है उन्हें ऋण अनुपात निर्धारित समय सीमा में पूरा करने को कहा गया। साथ ही प्राथमिकता क्षेत्र, कृषि क्षेत्र, एमएसएमई ऋण वार्षिक लक्ष्य पूरा करने को कहा गया। कलेक्टर श्री उइके ने जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने बैंक शाखा स्तर ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक पंजीयन करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री प्रखर चंद्राकर, अग्रणी बैंक प्रबंधक, महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग, एनआरएलएम प्रतिनिधि, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, खादी ग्रामोद्योग, आदिवासी स्वरोजगार एवं अंत्योदय स्वरोजगार विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

#### योजनाओं से हितग्राहियों को करें लाभान्वित

कलेक्टर श्री उइके ने बैठक में प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत खोले गए बैंक खातों में आधार सीडिंग तथा रूपे कार्ड वितरण के प्रगति की समीक्षा



की। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति, अंत्यावसायी स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि योजना की जिले में प्रगति की समीक्षा कर हितग्राहियों को लाभान्वित करने के आवश्यक निर्देश दिए।

# जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी ने वनांचलों का दौरा किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिला पंचायत की सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने गुरुवार को मैनपुर विकासखंड के सुदूर वनांचल गाँवों का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को समझा और विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रमों में भी शामिल हुईं। ग्रामीणों ने जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया। लोकेश्वरी नेताम ने ग्रामीणों से मिले सभी आवेदनों और मांगों को गंभीरता से लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों में संपर्क करेंगी और हर स्तर पर समाधान का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि वह इस आदिवासी क्षेत्र के लोगों को उनके हक और अधिकार दिलाने के ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### टोंगोपानीकला में उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत टोंगोपानीकला में आदि कर्मयोगी सेवा केंद्र धरती आबा जन जातिय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव सत्येंद्र कुमार चंद्राकर, सरपंच प्यारे लाल ठाकुर, रोज़गार सहायक देवेंद्र कुमार साहू, पंचगण शामिल थे। साथ ही ग्राम पंचायत टोगोपानी कला आदि कर्मयोगी सेवा केंद्र का समिति गठन किया। इसमें सदस्य रेशमा, चमेली ठाकुर, रेखा ठाकुर, बालकुंवर ठाकुर, डिगेश्वरी, प्यारे लाल, सोमनाथ, ऋषि, लालचंद ठाकुर, अंजोर सिंह, दुकालू, पवन, कमलकिशोर, गन्नू, उमाराम, तुलाराम, परस, विजय, नायकराम ठाकुर, टीकम शामिल है। साथ ही ग्राम पंचायत टोगोपानीकला में अलग-अलग विभागों का शिविर आयोजित किया जाएगा।

### स्वच्छता ही सेवा है इसे अपने स्वभाव का हिस्सा बनाए : जिपं अध्यक्ष

**गरियाबंद।** पूरे प्रदेश के साथ-साथ गरियाबंद जिले में भी स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ हो चुका है। विगत दिवस जिले के कलेक्टर श्री उइके ने अपने हाथों झाड़ू थामकर लोगो को स्वच्छता के लिये प्रेरित किया। वहीं जिले के विकासखण्ड फिंगेश्वर में गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर, तो देवभोग विकासखण्ड में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने श्रमदान कर स्वच्छता के अभियान को स्वछोत्सव में परिवर्तित किया। छुरा जनपद में सभी सरपंच सचिवों के द्वारा स्वच्छता की शपथ लेकर अपने गांव को स्वच्छ रखने की कसम खाई और जुट गये स्वछोत्सव के इस त्यौहार को अपने गांव में मनाने। इस वर्ष यह अभियान जिले में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 तक ''स्वच्छोत्सव'' थीम पर मनाया जायेगा, विगत वर्षों की तरह, इस वर्ष भी 25 सितम्बर 2025 को सुबह 8 बजे एक साथ ''एक दिन, एक घण्टा, एक साथ'' श्रमदान का आयोजन किया जावेगा। प्रत्येक वर्ष 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजली देने के लिए स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2017 से प्रत्येक वर्ष जिले में ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान मनाया जा रहा है।

### निःशुल्क कोचिंग क्लास के लिए प्रवेश परीक्षा 21 को

**तेंदूकोना।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना में संकल्प निःशुल्क कोचिंग क्लास द्वारा कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्रयास परीक्षा 2026 की तैयारी अनुभवी शिक्षकों द्वारा कराई जाएगी। कोचिंग में 40 सीट निर्धारित है। जिसके लिये रविवार 21 सितंबर को प्रातः10 बजे से 12 बजे तक प्रवेश परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा परिणाम की वरीयता के आधार पर 40 बच्चों का चयन प्रशिक्षण के लिए किया जाएगा। परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थी 20 सितंबर शनिवार तक कोमल ध्रुवंशी, व संजय श्रीवास्तव से संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते है।

# कलेक्टर ने किया निरीक्षण, सौंदर्यीकरण और पारदर्शिता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल फुलझर में गुरुवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चल रहे गार्डनिंग और सौंदर्यीकरण कार्यों की बारीकी से समीक्षा की तथा अधिकारियों को गुणवत्ता में कोई समझौता न करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद संवाददाता के सवालों का जवाब देते हुए कलेक्टर लंगेह ने कहा कि फुलझर के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। इसे प्रदेश का एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करना हमारा लक्ष्य है। कार्यों की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए समय-समय पर निरीक्षण किए जाएंगे, ताकि भ्रष्टाचार और लापरवाही पर अंकुश लग सके।

### अधीक्षिका को कई प्रभार दिए जाने पर सवाल

स्थानीय पत्रकारों ने खोकसा की अधीक्षिका गीता पटेल को एक साथ तीन पदों का प्रभार दिए जाने से अवगत कराया तो कलेक्टर ने हैरानी जताई। उन्होंने कहा कि उन्हें इस विषय में पहली बार जानकारी मिली है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इसकी जांच करवाई जाएगी और आवश्यक होने पर उचित कार्रवाई भी की जाएगी।



### टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी का मामला

संवाददाता ने जब सर्वसमाज मंगल भवन के लिए 43.65 लाख की लागत से जारी टेंडर की प्रक्रिया पर सवाल उठाए, जिसमें मात्र 2 घंटे 15 मिनट में टेंडर जारी कर बंद कर दिया गया, तो कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में आया है। जांच कराई जाएगी और यदि किसी स्तर पर गड़बड़ी पाई जाती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### स्थानीय लोगों में उम्मीद

कलेक्टर के निरीक्षण और स्पष्ट जवाबों से स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि फुलझर का विकास अब गति पकड़ेगा और यह स्थल जल्द ही जिले का नहीं बल्कि प्रदेश का एक महत्वपूर्ण आकर्षण केंद्र बनेगा।

## मनमानी: सर्व समाज मंगल भवन निर्माण के लिए जारी हुई थी टेंडर प्रक्रिया

# सिर्फ दो घंटे 15 मिनट में 43.65 लाख की निविदा क्लोज, भ्रष्टाचार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिला महासमुंद के ग्राम गढ़फुलझर में सर्व समाज के लिए स्वीकृत 43.65 लाख रुपये की राशि में टेंडर प्रक्रिया को लेकर भारी गड़बड़ी का आरोप सामने आया है। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन की घोषणा के तहत इस राशि को ग्राम में मंगल भवन निर्माण के लिए स्वीकृत किया गया था, लेकिन इसकी निविदा प्रक्रिया मात्र दो घंटे 15 मिनट में पूरी कर दी गई, जिससे टेंडरिंग प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं।

यह टेंडर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल (सीएचएजी हाउसिंग बोर्ड) के माध्यम से जारी किया गया था। निविदा क्रमांक 172819 के तहत ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित किया गया, जिसमें बीड सबमिशन की शुरुआत 29 जुलाई 2025 को दोपहर 3:15 बजे हुई और अंतिम समय उसी दिन शाम 5:30 बजे तय किया गया। इस तरह टेंडर भरने के लिए केवल 2 घंटे 15 मिनट का समय दिया गया, जिससे यह संदेह जताया जा रहा है कि टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता का उल्लंघन किया गया और पहले से तय ठेकेदार को फायदा पहुंचाया गया।

जिले में 43.65 लाख की निविदा को लेकर उठे इस भ्रष्टाचार के आरोप ने राज्य सरकार के ई-गवर्नेंस और पारदर्शिता के दावों को कटघरे में ला खड़ा किया है। अब यह देखना होगा कि शासन और प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाते हैं, क्या दोषियों पर कार्रवाई होती है या मामला यूं ही दबा दिया जाता है! इस मामले में कार्यपालन अभियंता (ईई) नरेंद्र चंद्राकर ने कहा कि मामले की जानकारी फिलहाल मुझे नहीं है। प्रकरण का अवलोकन करने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा।

### ठेकेदार ने दर्ज की आपत्ति

दूसरे ठेकेदार ने इस प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज की है, लेकिन उसकी शिकायत को नजरअंदाज कर दिया गया। उसने दावा किया है कि इतनी कम अवधि में कोई भी नया आवेदक टेंडर फॉर्म डाउनलोड करके, दस्तावेज अपलोड कर, बीड सबमिट नहीं कर सकता। वहीं, जिसने टेंडर भरा, उसे ही काम दे दिया गया।



### चिप्स की भूमिका भी संदिग्ध

यह निविदा छत्तीसगढ़ सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट के माध्यम से प्रकाशित की गई थी, जिसका संचालन छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) करता है। ऐसे में शिकायतकर्ता ने चिप्स की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए संभावित मिलीभगत की आशंका जताई है।

### पीएम तक पहुंची शिकायत

इस टेंडर प्रक्रिया को लेकर भक्तचरण कोसरिया नामक शिकायतकर्ता ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों ने जानबूझकर इस टेंडर को बेहद सीमित समय में जारी कर चहेते ठेकेदार को लाभ पहुंचाया। उन्होंने इस प्रक्रिया को खुले भ्रष्टाचार का उदाहरण बताया है और टेंडर निरस्त कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### पहले भी हो चुका है ऐसा मामला

ऐसा ही एक मामला कुछ साल पहले जल जीवन मिशन के अंतर्गत पीएचई विभाग में भी सामने आया था, जिसमें टेंडर केवल 12 घंटे के भीतर खोलकर बंद कर दिया गया था और मनचाहे ठेकेदार को काम दे दिया गया था। अब गृह निर्माण मंडल में भी इसी तरह का मामला सामने आने से शासन की नीतियों पर प्रश्नचिन्ह लगने लगे हैं।

# देवगांव की सुपोषण चौपाल में कुपोषण दूर करने पर जोर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत चरभट्ठी के आश्रित गांव देवगांव के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में गुरुवार को राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कुपोषण को रोकना और समुदाय को पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। सुपोषण चौपाल में गर्भवती महिलाओं, बच्चों, धात्री माताओं और किशोरियों को पौष्टिक आहार से जुड़ी जानकारी दी गई। बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार के तहत उन्हें पौष्टिक भोजन खिलाया गया, जबकि गोद भराई की रस्म के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का स्वागत कर उन्हें संतुलित आहार और प्रसव पूर्व देखभाल के बारे में बताया गया। इस दौरान, महिलाओं और समुदाय को स्थानीय स्तर पर मिलने वाले पौष्टिक खाद्य पदार्थों, जैसे हरी सब्जियाँ, दालें, अनाज, मौसमी फल और अंकुरित अनाज के महत्व के बारे में भी बताया गया। यह आयोजन मिशन पोषण 2.0 के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। यह चौपाल सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामूहिक संकल्प था कि सही पोषण ही एक स्वस्थ और सशक्त समाज की नींव है। ऐसे आयोजन कुपोषण मुक्त और स्वस्थ पीढ़ी बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं। इस मौके पर ग्राम पंचायत चरभट्ठी-देवगाँव के सरपंच डॉ. राजेंद्र साहू, सुपरवाइजर पूर्णिमा श्रीवाश, सरस्वती बाई, पंच साबित बाई, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता खेमबाई नगारची, माधुरी साहू, परमेश्वरी केसरी सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं।

## बारूला के स्कूल में न्योत भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



बारूला के शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। बारूला निवासी वेनकुमार साहू ने अपने बेटे श्रीयांश के पहले जन्मदिन के मौके पर यह नेक पहल की। इस अवसर पर बच्चों को दाल, चावल, सब्जी, मिठाई, पापड़ और मिक्सचर परोसा गया, जिससे उनके चेहरे पर खुशी झलक रही थी। संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत, लोग खास मौकों पर बच्चों को पौष्टिक भोजन दान कर सकते हैं। यह सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देता है और बच्चों को अतिरिक्त पोषण मिलता है। प्रधान अध्यापिका लता ध्रुव ने कहा कि जो लोग बच्चों को भोजन कराना चाहते हैं, उन्हें पहले से ही स्कूल को सूचित करना होगा। न्योता भोज के तहत, कोई भी व्यक्ति या संस्था जन्मदिन, सालगिरह, शादी या अन्य त्योहारों पर छात्रों को भोजन करा सकती है। इस मौके पर प्रधान पाठक लता ध्रुव, प्रेरणा सेन, लक्ष्मी नारायण सेन और अन्य शिक्षक, ग्रामीण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मां दुर्गा की मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



शारदीय नवरात्र का पर्व निकट है। इसके पूजा पांडालों में स्थापित करने को लेकर मां दुर्गा की मूर्तियों को कलाकार अंतिम रूप देने में जुटे हैं। इस बार शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से शुरू हो रहा है। इसके मद्देनजर गांव गांव से लेकर क्षेत्र में तैयारी जोर-शोर से चल रही है, मूर्तिकार दिन रात मेहनत कर सिंह पर सवार 10 भुजाओं वाली प्रतिमाओं को आकर दे रहे हैं। इस बार बड़ी बड़ी मूर्ति 8 से 10 फीट की प्रतिमाओं का अधिक आर्डर मिले हैं। मूर्तिकार सेवन दास ने कहा कि मिट्टी रंग कपड़ा और सजावटी सामान की बढ़ती कीमतों से लागत को दुगना कर दिया है। पहले जहां मध्यम आकार की मूर्ति 5 हजार से 7 हजार में बनती थी अब वही मूर्तियां सीधा डबल कीमत में बन रही है। बढ़ती कीमतों के बावजूद भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखाई दे रही है। क्षेत्र के इस बार कुडेरादादर, मेडकीडबरी, कनसिघी, सेम्हरा टेगनाबासा, रावनाभाटा सहित आस-पास के ग्रामो में इस बार पंडालों की भव्य तैयारी की जा रही है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के ग्रामो में विभिन्न स्थानों पर भव्य दुर्गा अलग अलग रूपों में विराजमान होगी। इस तरह क्षेत्र के शीतला मंदिरों में ज्योति प्रज्ज्वलित करने के लिए जोर शोर से तैयारियां शुरू हो चुकी है। क्योंकि मात्रा 3 दिन शेष रह गए हैं। ग्राम रसेला में शीतला मंदिर पर श्रद्धालु भक्तजन ज्योति प्रज्ज्वलित कराने हेतु जागृति नवयुवक मंडल के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं।

# पीएम मोदी के जन्म दिवस पर महानदी मैया की हुई महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा मंडल नवापारा द्वारा शाम को महानदी मैया की भव्य आतिशबाजी के साथ आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी सहित पार्षद सचिन सचदेव, सहदेव कंसारी, लोमेश्वरी साहू, पूजा कंसारी,रवि साहू, नम्मू नारायण ध्रुव,निर्मला धीरज साहू, चेतन साहू, सिंटू जैन, धीरज साहू,गुलशन साहू, कैलाश तिवारी, राजू रजक, अनुज राजपूत, प्रेम साधवानी, अशोक गंगवाल,डॉ. केआर सिन्हा, डॉ योगिता सिन्हा, चेतन साहू,देवेंद्र सेन, मेघनाथ साहू,अशोक नागवानी, मुकुंद मेश्राम ,संजय बंगनी, प्रेम साधवानी , वीरेंद्र यादव , संजीव सोनी, पुखराज चक्रधारी, चुम्मन साहू , तेजेश्वर साहू,द्विज राम साहू,भोलू यादव, गोलू यादव, अन्नपूर्णा देवांगन,संतोषी कंसारी,धनमती साहू, साधना सौरज,प्रभा बांसवार,किरण सोनी, उमा कंसारी सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। यह कार्यक्रम त्रिवेणी संगम नेहरू घाट के पास पंडित परिषद एवं विप्र जन द्वारा किया गया।

## खुटेरी गांव में चला पीएम मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत खुटेरी में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम टीना शेड परिसर के पास आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। इस अभियान के दौरान, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर साफ-सफाई की और स्वच्छ भारत मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सरपंच बेनीशंकर साहू, येनसिंग साहू, गयाराम सेन, द्वारिका साहू, ढेलूराम, प्रहलाद, टीकू टेमन इंद्रकुमार और लुकेश्वर ध्रुव सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



सभी ने एक साथ कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस मुहिम को गांव-गांव तक पहुँचाने को अपना कर्तव्य बताया। ग्रामीणों ने भी अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन /"जय जय श्रीराम/" के नारे के साथ हुआ, और सभी ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की। यह आयोजन न केवल प्रधानमंत्री के जन्मदिन को समर्पित था, बल्कि इसने समाज को स्वच्छता और जनभागीदारी का एक मजबूत संदेश भी दिया।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत हाथ धुलाई दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर




शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 16 सितम्बर से 30 सितंबर तक शालाओ में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।सत्र 2016 से प्रतिवर्ष स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में किया जा रहा है।यह वर्ष स्वच्छता पखवाड़ा के क्रियान्वयन का 10 वां वर्ष है।इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में हाथ धुलाई दिवस मनाया गया।इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से छात्र छात्रओं को शपथ दिलाते हुए शरीर की नियमित रूप से साफ सफाई रखते हुए शाला परिसर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।इसके साथ–साथ हाथ धोने के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमारे हाथों में अनदेखी गंदगी छिपी होती है जो किसी भी वस्तु को छूने,उसका उपयोग करने एवं कई तरह के दैनिक कार्यो के कारण होती है।यह गंदगी बगैर हाथ धोए खाद्य एवं पेय पदार्थोंर् के सेवन से हमारे शरीर मे प्रवेश कर जाती है और विभिन्न बीमारियों को जन्म देती है अतः हमें हाथों को अच्छी तरह से साबुन से हाथ धोना चाहिए।उन्होंने आगे पेड़ पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज वृक्षो की लगातार अंधाधुंध कटाई होने के कारण पर्यावरण असंतुलन हो गया है जिनके कारण मानव जीवन पर खतरा मंडराने लगा है,अतः सभी को पेड़ पौधे लगाते हुए उनका संरक्षण करना चाहिए। वृक्ष हमे फल,फूल,छाया,औषधि के साथ शुद्ध ऑक्सीजन देती है।इस मौके पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार वर्मा,योगेश सोनकर, रेखा सोनी,गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे,कीर्ति निषाद, क्लर्क दुष्यंत साहू, तोमन साहू,भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### युक्तियुक्तिकरण के तहत नवपदस्थ शिक्षकों का किया गया सम्मान

सरायपाली (ग्रामीण)। संकुल केंद्र खोकसा में युक्तियुक्तकरण के तहत नवपदस्थ शिक्षकों के लिए स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय हाईस्कूल रोहिना में पदस्थ उच्च वर्ग शिक्षक लक्ष्मण पटेल, प्राशा रोहिना में पदस्थ सहायक शिक्षक ज्योति वर्मा, प्राथमिक शाला बम्हनीनडीह विजय कुमार कश्यप, प्राशा बंसुलीडीह भोजराम पटेल, आश्रम शाला खोकसा मोहन खंडेल, प्राशा खोकसा चितरंजन गढ़तिया, टीकम चंद त्रिपाठी का स्वागत एवं सम्मान संकुल प्राचार्य पीएन ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर ठाकुर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के तहत एकल एवं शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षकों की पद स्थापना होने से शिक्षा गुणवत्ता अभियान को नई गति मिलेगी। साथ ही अनुभव एवं विषय शिक्षकों की पदस्थापना होने से स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता में भी सुधार देखने को मिलेगा।

पेज 9 के शेष...

### विद्युत संविदा कर्मचारी...

बिजली कम्पनी के संविदा कर्मचरियों को नियमित किए जाने का सलाह भी दिया गया है। संविदा कर्मचारी पिछले 10 एवं 8 सालों से कम्पनी में सेवा देते आ रहे हैं। इसके बावजूद संविदा कर्मियों को नियमित नहीं किया जा रहा है, संविदा कर्मचारी नियमित होने के लिए पूर्ण पात्रता एवं अनुभव रखते हैं। पूरे बिजली बोर्ड की जिम्मेदारी को उठाए हैं फिर भी कंपनी कर्मचारी मांगों को अनदेखा कर रहे हैं।

### भरूवामुड़ा की 11...

की ही देविका नेताम का चयन रायपुर जिले से संभाग स्तर के लिए हुआ है। सरपंच यमुना मरकाम और उपसरपंच राधेश्याम नेताम सहित सभी पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने इन बेटियों को बधाई दी है। उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए पंचायत ने दो ड्यूज बैट देने की भी घोषणा की है। वरिष्ठ नागरिक भीखम मरकाम ने मिडिल स्कूल के शिक्षक मोहम्मद अनवर, वीरेंद्र कौशिक, पुरानिक नागेश और युनुस परवेज़ खान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन शिक्षकों के मार्गदर्शन और विशेष कोचिंग के कारण ही यह छोटी सी गाँव की बेटियां बड़ी उपलब्धि हासिल कर पाई हैं। इस सफलता पर प्रधान पाठक गेंदलाल कंवर, नेतु राम, संतराम, ओंकार नेताम, बिसाहू राम, देवकरण, चिंता ठाकुर, गोपाल नागेश, रीना नागेश, भारती यादव, तामेश्वरी नेताम, माहेश्वरी (टीना) यादव, चांदनी, दामिनी मरकाम, छाया, रोशनी, योगेश्वरी यादव और भोज यादव ने भी बधाई दी और राज्य स्तर पर चयन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### जिला पंचायत सदस्य...

लिए हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार हैं। नेताओं ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। वे गाँवों में सड़क, पुल, और अन्य मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। श्रीमति नेताम ने किसानों की समस्याओं पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस समय किसान खाद की कमी से जूझ रहे हैं और धान तथा मक्का की फसलों में तरह-तरह की बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद के साथ जनता ने उन्हें फिर से जिला पंचायत सदस्य चुना है, वे उस पर खरी उतरेंगी और जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप



### मैनपुर में शिक्षकों के लिए कार्यशाला का आयोजन

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर में विकासखंड के हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, अधिकारी श्याम चंद्राकर, गौरव गरियाबंद के प्रभारी मनोज केला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल, विकासखंड स्रोत समन्वयक शिवकुमार नागेश और विनोबा प्रभारी शुभम पटेल उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों को छात्रों तक सरल विधि से कैसे पहुंचाएं। उन्होंने जोर दिया कि छात्रों को अधिक अंक लाने और पढ़ाई में रुचि बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाए। कार्यशाला के दौरान, शिक्षकों को विषय-संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारियां और प्रशिक्षण दिए गए।

### धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती



**रसेला।** बुधवार को रसेला और आसपास के क्षेत्रों में सृष्टि के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। ग्राम रसेला में भूषण साहू के घर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान लोगों ने औद्योगिक विकास और तकनीकी प्रगति के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर सुख-समृद्धि और व्यापार में उन्नति की कामना की। क्षेत्र के सभी मिस्त्री, छोटे-बड़े वाहन चालक, और कारीगरों ने भी अपने वाहनों और औजारों की साफ-सफाई कर विधि-विधान से पूजा की। जेसीबी मालिक भूषण साहू ने कहा कि वे हर साल अपने वाहन की पूजा करते हैं ताकि बिना किसी दुर्घटना के गाँव की सेवा कर सकें। पूजा के बाद सभी के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया था। अगले दिन, डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का पूरे गाँव में भ्रमण कराया गया और धूमधाम से विसर्जन किया गया। यह जयंती सिर्फ रसेला में ही नहीं, बल्कि मुढ़ीपानी, कोठी गाँव और दादरगाँव जैसे आसपास के क्षेत्रों में भी मनाई गई। इन स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। कहा जाता है कि विश्वकर्मा जी सभी देवताओं के वास्तुकार और शिल्पकार हैं। पुराणों के अनुसार, उन्होंने सभी देवताओं के महल, रथ और अस्त्र-शस्त्र बनाए थे। उनकी पूजा कर कारीगर, इंजीनियर, लोहार और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोग अपने उपकरणों और मशीनों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

## हेलीपेड पर सीएम का हुआ शानदार स्वागत...





**नवापारा-राजिम।** मेमू ट्रेन का शुभारंभ करने हेलीकॉप्टर से पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय का स्वागत हेलीपेड में विधायक इंद्रकुमार साहू, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, पालिका उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी सहित पार्षद एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने गजमाला से किया। श्री साय के साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** फारेस्ट कॉलोनी मैनपुर के ट्रेनिंग हॉल में हस्तशिल्प

# बांस शिल्पकला से सशक्त होंगे विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



विश्व बांस दिवस के अवसर पर, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व द्वारा वन विभाग परिसर मैनपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके, असम से आईं नीरा सरमा (जिन्हें 'बंबू लेडी ऑफ इंडिया' भी कहा जाता है), क्षेत्रीय संचालक सतोविशा समाजदार, उपनिदेशक वरुण जैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी व जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

इस अवसर पर, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व द्वारा इंदागांव परिक्षेत्र में 5 हेक्टेयर क्षेत्र में 1200 बांस के पौधे लगाए गए। इसका उद्देश्य बांस हस्तकला को बढ़ावा देना और विशेष पिछड़ी कमार जनजाति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसके बाद, कुल्हाड़ीघाट कार्यालय के ट्रेनिंग हॉल में ग्रामीणों और पीव्हीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) समुदाय के रोजगार और आय बढ़ाने के लिए एक तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला में असम से आईं नीरा सरमा और उनकी टीम ने शिल्पकारों को बांस से आभूषण और हस्तशिल्प बनाना सिखाया। उन्होंने बांस से बने गहनों की एक प्रदर्शनी भी लगाई।

### रोजगार सृजन का प्रयास

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बांस का काम करने वाले समुदायों को प्रशिक्षण देकर उन्हें बांस से जेवर और अन्य हस्तशिल्प बनाना सिखाना है, ताकि वे अतिरिक्त आय कमा सकें। वर्तमान में स्थानीय शिल्पकार केवल बांस की टोकनी और सूपे बनाने पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन इस प्रशिक्षण के बाद वे अधिक बाजार मूल्य वाली चीजें भी बना पाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने आभार व्यक्त किया।



## पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान, किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर




17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर, भाजपा कार्यकर्ताओं ने देशभर में सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। फिंगेश्वर में भी भाजपा मंडल ने इस अवसर पर स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण और अन्य सेवा कार्य किए। भाजपा मंडल फिंगेश्वर के तत्वावधान में, मां मावली मंदिर के प्रांगण में एक बड़ा स्वच्छता अभियान चलाया गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर और मावली तालाब की सीढ़ियों की साफ-सफाई की। इस मौके पर, वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित, रामू राम साहू, जिला उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, महामंत्री भुवन लाल साहू और प्रेमलाल टोडर और अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु होने की कामना की। इसके अलावा, वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने सात नीम के पौधे लगाए गए। रामू राम साहू ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक और सुरक्षा की दृष्टि से मजबूत हुआ है और आज दुनिया के विकसित देशों में चौथे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, जो निश्चित रूप से पूरा होगा। पौधा रोपण कार्यक्रम में जिला पंचायत की सभापति नंदनी कोमल ढीढी, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. प्यारेलाल सोनकर, महामंत्री प्रेमलाल टोडर, युवा नेता राकेश साहू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ. लहरे सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित थे।

## स्वच्छता व हरियाली का ग्रामीणों ने पौधारोपण करके दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत श्यामनगर स्थित धान उपार्जन केंद्र परिसर एवं वार्ड क्रमांक 8 में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों एवं मातृ शक्तियों ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बचाने का संदेश दिया। मातृ शक्तियों ने कहा कि माँ का दर्जा जीवनदायिनी होता है, उसी तरह वृक्ष भी जीवनदायिनी हैं, इसलिए हर घर, हर परिवार को एक-एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री चन्द्रशेखर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन से लेकर आगामी 2 अक्टूबर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान हम सभी को सेवा कार्यों में भागीदारी कर समाज और राष्ट्रहित में योगदान देना चाहिए। स्वच्छता और वृक्षारोपण जैसे अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर सिद्ध होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक प्रेमलाल साहू ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, इसलिए उन्हें लगाना ही नहीं बल्कि उनकी देखभाल करना भी हमारी जिम्मेदारी है। सरपंच सुलोचना निर्मलकर और उप सरपंच वामन निर्मलकर ने ग्रामवासियों से स्वच्छता और हरियाली के लिए निरंतर सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में समर्पण ग्रुप अध्यक्ष कोमल साहू, नेहरू साहू, ग्राम विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष श्यामू निषाद, शाला विकास समिति अध्यक्ष चितरंजन साहू, बूथ अध्यक्ष प्रमोद साहू, भाजयुमो मंडल कोषाध्यक्ष डायमण्ड साहू, दुकालू साहू, गौतम पटेल, रोमेश साहू, प्रेमशंकर साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधों की सुरक्षा की शपथ भी ली।

### महाविद्यालय में विश्व ओजोन दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में रसायन शास्त्र एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई, शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) एवं एमएन सिदार (विभाग अध्यक्ष भूगोल) मंचासीन रहे। प्राचार्य संध्या भोई ने कहा कि ओजोन परत का संरक्षण संतुलित पर्यावरण एवं अच्छी सेहत के लिए आवश्यक है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 16 सितंबर को ओजोन परत की संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। अतः इस दिवस का सम्मान करते हुए हमें वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा। शब्या पटेल द्वारा विश्व ओजोन दिवस के उद्देश्य, वायुमंडल की संरचना एवं ओजोन के महत्व के बारे में बताया गया।

## तूता में 2 हजार पौधे रोपे गए ...



**नवापारा-राजिम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर ग्राम तूता में नमो वन तैयार किया गया। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, ज़िला अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला उपाध्यक्ष दीपक बैस व स्थानीय जनप्रतिनिधियो के अलावा स्कूली छात्रों के हाथों 2 हजार पौधे रोपे गए।

## आत्मानंद स्कूल में बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा




शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल, छुरा में गुरुवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न पत्र तैयार करने और छात्रों को उसी के अनुसार परीक्षा की तैयारी कराने के लिए प्रशिक्षित करना था। यह कार्यशाला जिला कार्यालय के नोडल अधिकारी श्याम चंद्राकर और सहायक नोडल अधिकारी मनोज केला की उपस्थिति में हुई। विकासखंड के चयनित एमटी (मास्टर ट्रेनर) भूपत कुमार कन्नौज, कामता साहू, और योगेश ठाकुर ने विषय शिक्षकों को अंग्रेजी, गणित और विज्ञान विषयों के लिए प्रश्नोत्तरी तैयार करने का प्रशिक्षण दिया। जिला अधिकारियों ने भी ब्लूप्रिंट से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश विस्तार से दिए। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों ने भी अधिकारियों से अध्यापन और ब्लूप्रिंट के संबंध में मार्गदर्शन और सुझाव लिए। इस अवसर पर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी किसुन लाल मतावाले ने भी दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए शिक्षकों को विशेष मार्गदर्शन और सुझाव दिए। कार्यशाला में विकासखंड छुरा के प्राचार्य, बीआरसी, और गणित, विज्ञान, अंग्रेजी विषय के व्याख्याता तथा कार्यालय के कर्मचारी भी मौजूद थे।

# करकरा गांव में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पर आयुष स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)



छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती के उपलक्ष्य में, संचालक आयुष और जिला आयुष अधिकारी के निर्देश पर, ग्राम करकरा में स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार विषय पर एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आयुष्मान आरोग्य मंदिर रानीपरतेवा और अकलवारा के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। शिविर में महिलाओं को दैनिकचर्या, ऋतुचर्या और आयुष पद्धति से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी विषयों की जानकारी दी गई और उनका निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ. ऐश्वर्य कुमार साहू ने कहा, स्वस्थ महिला ही एक सशक्त परिवार और समृद्ध समाज की नींव होती है। आयुष पद्धति हमें सिखाती है कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव करके बड़ी बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने महिलाओं को सही आहार, योगाभ्यास, और नियमित स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। डॉ. रूपसिंह मरावी ने महिलाओं के जीवन के महत्वपूर्ण चरणों - किशोरावस्था, गर्भावस्था और वृद्धावस्था पर बात की। उन्होंने विशेष रूप से मेनोपॉज़ (रजोनिवृत्ति) के दौरान होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला और बताया कि योग, प्राणायाम, संतुलित आहार और औषधीय पौधों का उपयोग करके इस अवस्था को सहज बनाया जा सकता है।

### उपस्थिति और सेवाएं

इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत करकरा के सरपंच बहूर सिंह दीवान, उपसरपंच लाल बहादुर यादव और वरिष्ठ नागरिक दादूराम यदु, मूलचंद निर्मलकर सहित कई ग्रामीण और मितानिन बहनें उपस्थित थीं। शिविर में फार्मासिस्ट श्यामचरण दीवान, रूपसिंह नेताम, संतोष धनेश और भोला ने अपनी सेवाएँ दीं। शिविर में कुल 160 महिलाओं और 102 पुरुषों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और दवाएं वितरित की गईं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बिजली बिल और कटौती के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



**अभनपुर।** कनिष्ठ यंत्री विद्युत मंडल खोरपा में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बढ़ते बिजली बिल और दिन में 10 से 15 बार होने वाली अकारण बिजली कटौती के विरोध में ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसजनों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि बार-बार बिजली कटौती से आम जनता, किसान और व्यवसायी वर्ग परेशान है। साथ ही बिजली बिल में लगातार हो रही बढ़ोतरी आम नागरिकों की जेब पर भारी पड़ रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त की जाए, अन्यथा आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकमणि कोसले, छछानपैरी मंडल अध्यक्ष सेवक पटेल, खोरपा मंडल अध्यक्ष राजेश साहू, नीलकंठ साहू, हेमलाल धीवर, मनमोहन, नारद साहू, रामजी कुर्रे, रेवा चंदाने, दिनेश कोशले, नितेश साहू, चुन्नू साहू, बालकृष्ण साहू सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर तूता में किया पौधारोपण



**अभनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस अवसर पर सेवा पखवाड़ा-2025 के तहत भाजपा अभनपुर मंडल अंतर्गत ग्राम तूता में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम नारंग, उपाध्यक्ष दीपक बैंस, मंडल अध्यक्ष भरत बैंस, जनपद उपाध्यक्ष खेलू साहू, महामंत्री गौरव शर्मा, सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल, जिला खनिज न्यास सदस्य राघवेन्द्र साहू शामिल रहे। इस मौके पर 2000 से अधिक पौधे लगाए गए, जिनमें मुख्य रूप से आम और नीम के पौधे शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जनपद सदस्य संतराम साहू, किशन शर्मा, वरुण राठी, ज्ञान प्रकाश चंद्राकर, झड़ी राम पटेल, गोविंद साहू, रूपनारायण साहू, राजा राय, रामकृष्ण बैस, चेतन गुप्ता, धनेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**समस्या : सड़क किनारे जानलेवा गड्ढे, वाहन चालकों को साइड देने में हो रही परेशानी**

# मैनपुर-देवभोग मार्ग पर दो माह में तीन दर्जन से अधिक दुर्घटनाएं, 12 की मौत, 28 हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर देवभोग मुख्यमार्ग में इन दिनो लगातार दुर्घटनाओ से भारी दहशत देखने को मिल रही है हर एक दिन के बाद इस सड़क में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है पिछले दो माह के भीतर तीन दर्जन से अधिक दुर्घटनाओ में 12 लोगों की मौत होने के साथ 28 लोग घायल हुए है जिसके चलते सड़क मे आने जाने वाले राहगीरो में डर दिखाई दे रहा है। नेशनल हाईवे 130 सी रायपुर से देवभोग ओडिसा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग में झरियाबाहरा से लेकर मंदांगमुड़ा 50 किमी गोहरापदर तक सिंगल सकरी सड़क में इन दिनों लगातार दुर्घटनाओं से सड़क लाल होता जा रहा है झरियाबाहरा से लेकर मदांगमुडा तक सोल्डर किनारे कहीं- कहीं पर चार पांच फीट गहरे गढ्ढे हो गये है जिसमें साईड देते समय वाहन के पहिए जाते ही वाहन पलट रहे है और सड़क में जाम लग रहा है, कई बार क्षेत्र की जनता इस जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग कर थक चुके है लेकिन संबधित विभाग द्वारा ध्यान नही देने से अब राहगीरों में भारी नराजगी देखने को मिल रही है, राष्ट्रीय राज मार्ग मैनपुर देवभोग की स्थिति दिन ब दिन बेहद खराब होती जा रही है, इस जर्जर खराब सडक में आए दिनों दुर्घटनाए आम बात हो गई है, जिसके चलते क्षेत्र के लोगो में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है, राजधानी रायपुर से मैनपुर देवभोग होते हुए ओडिसा को जोडने वाला एक प्रमुख नेशनल हाईवे मार्ग अभनपुर से देवभोग ओडिसा सीमा तक 195 किलोमीटर सडक को नेशनल हाईवे घोषित किए 7–8 वर्ष हो चुका है लेकिन आज तक इस नेशनल हाईवे मार्ग की हालत नही बदल पाई है ज्ञात हो कि इस सड़क में किनारे से कहीं- कहीं तो पटरियां पूरी तरह गायब हो गई है, सड़क किनारे दोनो तरफ कहीं कहीं पर तो 3–4 फीट गहरे गढ्ढे हो गये है जिसके कारण दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को अन्य वाहनो को साइड देते समय हमेशा दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है, सड़क से वाहन नीचे उतारते ही गढ्ढो में चले जाने से कई बार बड़े.वाहने पलट भी जा रहे है, सबसे ज्यादा परेशानी मोटर सायकल चालको को हो रही है। बरदुला घाटी, झरियाबाहरा, तौरेंगा, जुगाड़, इंदागांव के आसपास सड़क किनारे मिट्टी बह जाने से वाहन साइड देते ही पलट रही।

**समस्याओं पर प्रशासन नहीं दे रहा है ध्यान-** मैनपुर देवभोग मुख्य नेशनल हाइवे मार्ग की हालत बेहद खराब होती जा रही है जिसके चलते यहां दुर्घटनाएं बड़ गई है, क्षेत्र के जनता लंबे समय से इस सड़क की चौड़ीकरण की मांग करते आ रहे है लेकिन क्षेत्रवासियो के गंभीर समस्याओं के तरफ शासन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है, ज्ञात हो कि मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे एक ऐसा मार्ग है इस मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे मार्ग मे झरियाबाहरा से देवभोग तक 60 किलोमीटर सड़क किनारे कई स्थानो पर से पटरी पूरी तरह गायब हो चुकी है और सड़क के दोनो तरफ बड़े– बड़े गढ्ढे हो गये है जिसके कारण इस सिंगल सड़क मे दो वाहनो को आपस मे साइड देने मे भारी परेशानी हो रही है। साइड देने के नाम पर वाहन चालको मे लड़ाई झगड़ा की नौबत तक आ जाती है और वाहन चालकों की मजबूरी है कि सड़क किनारे गढ्ढे होने के कारण वे साइड देने से घबराते है क्योकि साइड देते ही कई बार वाहने पलट चुकी है जिसके कारण इस सड़क मे प्रतिदिन घंटो जाम की स्थिति भी निर्मित होती जा रही है, सड़क किनारे गढ्ढे होने के कारण साइड देने मे परेशानी हो रही है साइड देते समय वाहन पलटने की डर बनी रहती है।



**जल्द मरम्मत**



विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि झरियाबाहरा से मंदागमुड़ा तक की सड़क की स्थिति बहुत खराब है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर जल्द से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।



**जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों का आक्रोश**



**जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम-** ने कहा कि हजारों वाहनों के आवागमन के बावजूद, सरकार इस महत्वपूर्ण सड़क की मरम्मत पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि इन दुर्घटनाओं के लिए संबंधित विभाग जिम्मेदार है।



**जनपद सदस्य तपेश्वर ठाकुर-** ने कहा कि सरकार विकास का दावा करती है, लेकिन इस महत्वपूर्ण सड़क की हालत पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि लोग जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं।



**पूर्व सरपंच रूपसिंह मरकाम -** ने बताया कि बरदुला घाटी से बम्हनी झोला तक कई जगह 4-5 फीट गहरे गड्ढे हैं। साइड देने के दौरान वाहन पलट जाते हैं। उन्होंने जल्द से जल्द मरम्मत कार्य कराने की मांग की।



**ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव-** ने कहा कि लोग जान जोखिम में डालकर चल रहे हैं। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और कहा कि अगर जल्द मरम्मत नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।



**जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव-** ने कहा कि यह स्थिति सरकार की कार्यशैली और आम जनता की तकलीफों के प्रति उनकी उदासीनता को दर्शाती है। सड़क में आने जाने वाले लोगों को घंटों जाम का सामना करना पड़ता है।

## श्री कुलेश्वर महादेव कॉजेज में विश्वकर्मा जयंती समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रेमेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में महाविद्यालय की नवसुसज्जित कम्प्यूटरीकृत प्रयोगशाला में भगवान विश्वकर्मा के छाया चित्र पर माला, गुलाल अर्पित कर एवं दीपक जलाकर पूजन किया गया। पूजा में प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। टिकेश्वर मरकाम, अनिता साहा, रमेश लहरे ,पीयूषकान्त भारद्वाज, सुश्री पुष्पलता कंवर, सुश्री साक्षी मेश्राम, नंदिनी साहू ,मोनिका साहू शामिल थी। प्रेमेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की प्रेरणा से हम सभी का जीवन नवाचार, परिश्रम और सृजनशीलता से आलोकित हो। उनके आशीर्वाद से प्रत्येक श्रमवीर एवं शिल्पकार राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव बनते हैं और विकसित भारत की दिशा में सतत अग्रसर रहते हैं। साथ ही, उन्होंने उच्च शिक्षा में वैज्ञानिक प्रयोगों एवं व्यावहारिक अध्ययन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से प्रयोगशाला का अधिकतम उपयोग कर नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने भगवान विश्वकर्मा की पौराणिक उत्पत्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रह्म के पुत्र वास्तुदेव एवं वस्तु के सातवें पुत्र के रूप में जन्मे ऋषि विश्वकर्मा ने वास्तुकला और शिल्पकला के महान आचार्य के रूप में ख्याति प्राप्त की।

### डोंगेश्वर धाम में भक्त माता कर्मा मंदिर 22 को होगी मूर्ति की प्राण -प्रतिष्ठा





**छुईहा बेलर।** साहू समाज परिक्षेत्र जामगाँव और जन सहयोग से डोंगेश्वर धाम में बन रहा संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा मंदिर अब अपने अंतिम चरण में है। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इस पवित्र स्थल पर मंदिर बनाने का संकल्प लिया था, जो अब पूरा होने जा रहा है। मंदिर में मूर्ति की स्थापना के लिए राजिम विधायक रोहित साहू ने अपने एक महीने का वेतन दान किया है, जिसके लिए साहू समाज ने उनका आभार व्यक्त किया है। इसके अलावा, परिक्षेत्र अध्यक्ष मनोहर साहू ने भी 21 हजार रुपये का सहयोग दिया है। सरपंच बोरिद हूमन सिन्हा और समाज अध्यक्ष मनोहर साहू ने बताया कि डोंगेश्वर धाम बोरिद पर्वत की गोद में बसा एक रमणीय और शांत स्थल है। यहां प्राचीन मंदिरों के पास ही माता कर्मा का मंदिर बन रहा है। चारों ओर फैली हरियाली और पर्वतीय दृश्य यहाँ आने वालों को शांति और आनंद की अनुभूति कराते हैं। यह मंदिर साहू समाज की आस्था और एकता का प्रतीक बनेगा। पदाधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे इस सुंदर और धार्मिक स्थल को एक बार अवश्य देखें। साहू समाज परिक्षेत्र जामगाँव के तत्वावधान में मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया है। यह आयोजन श्री श्री 108 महामंडलेश्वर संत श्री गोवर्धन शरण व्यास जी, सिरकट्टी आश्रम के कर कमलों से संपन्न होगा। 21 सितंबर कलशयात्रा और देवस्थापना। 22 सितंबर संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा। इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू होंगे।

## सीएम साय का भाजपा नेता किशोर के नेतृत्व में हुआ शानदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को बहुप्रतीक्षित मेमू ट्रेन का शुभारंभ किया। श्री साय हेलीकॉप्टर से नवापारा पहुंचे थे। उनके साथ रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और वन मंत्री केदार कश्यप भी थे। नवापारा के हरिहर स्कूल प्रांगण में बने हेलीपैड से श्री साय उनके साथ कार द्वारा कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इसके पहले कार्यक्रम स्थल के समीप मैडम चौंक में युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन के नेतृत्व में श्री साय का जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में भाजपा के विभिन्न इकाई के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधिगण, निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीण और स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में शामिल थे। इस दौरान देवांगन ने श्री साय से कार्यक्रम पश्चात पास में ही स्थित अपने निवास में स्वल्पाहार हेतु चलने आग्रह किया गया, जिस पर श्री साय द्वारा देवांगन को आमंत्रण हेतु धन्यवाद देते हुए व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देते हुए आश्वस्त किया कि निकट भविष्य में होने वाले किसी भी कार्यक्रम के दौरान वे उनके निवास जरूर जाएंगे । देवांगन ने भी श्री साय को रुककर स्वागत करने का सुअवसर प्रदान करने के लिए आभार जताया। मालूम हो कि 3 वर्ष पूर्व किशोर के निवास में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में श्री साय पहुंचे थे, उस समय श्री साय मुख्यमंत्री नहीं थे। लेकिन इसी वर्ष फरवरी माह में किशोर के साले के शादी समारोह में श्री साय पहुंचे थे। युवा भाजपा नेता देवांगन का समय-समय पर मुख्यमंत्री निवास में जनहित के कार्यों को लेकर मुलाकात होती हैं।

## सेंट जॉन्स स्कूल में पालक शिक्षक मिलन का हुआ आयोजन



**छुरा।** छुरा के सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल में बुधवार को एक भव्य पालक-शिक्षक मिलन का आयोजन किया गया। इस दौरान अभिभावकों और शिक्षकों ने मिलकर छात्रों के सर्वांगीण विकास पर सार्थक चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष बलराज पटेल, प्राचार्या बिंदु जॉर्ज जेकब और सभी अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद, शिक्षक बादशाह खान ने स्वागत भाषण दिया। बैठक में बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से बात हुई। शिक्षकों ने हर छात्र की प्रगति रिपोर्ट अभिभावकों के साथ साझा की और सुधार के लिए सुझाव दिए। अभिभावकों ने भी स्कूल की शिक्षण पद्धति की सराहना करते हुए अपने विचार और सुझाव दिए। प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा, /"एक बच्चे के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण स्कूल और घर, दोनों के सहयोग से ही संभव है। अभिभावकों का सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

## विधायक ने किया रक्तदान के लिए जवाहर को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन एवं सेवा पखवाड़ा के अवसर पर पांडुका के भाजयुमो नेता जवाहर शर्मा ने रक्तदान किया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने प्रमाण पत्र एवं हेलमेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा , भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

**बीहड़ वनांचल से निकल रहे खेल के अनमोल रत्न**

## प्रतिभा को चाहिए सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन : प्राचार्य लांजेवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



बस्तर के बीहड़ वनांचल में स्थित एक छोटे से गांव के दो प्रतिभावान खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाकर सबको चौंका दिया है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमी के इन खिलाड़ियों ने साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी भी भौगोलिक सीमा की मोहताज नहीं होती। कक्षा 11वीं के छात्र अमन नेताम और 10वीं के छात्र प्रताप नेताम को 25वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता हॉकी के लिए चुना गया है। छत्तीसगढ़ में इस खेल का स्तर काफी ऊंचा है, और ऐसे में दूर-दराज के इलाकों से खिलाड़ियों का चयन होना बेहद मुश्किल माना जाता है। इस सफलता को कोच की मेहनत और बच्चों के जुनून का नतीजा माना जा रहा है। इस उपलब्धि का श्रेय शाला के प्राचार्य सनद कुमार लांजेवार और खेल प्रशिक्षक पूरन लाल साहू को भी जाता है। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की जरूरत होती है। खेल प्रशिक्षक साहू के आने के बाद से स्कूल में खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास और सही दिशा मिली है। यह पहला मौका नहीं है जब स्कूल के बच्चों ने राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। पिछले वर्षों में भी कई खिलाड़ियों ने क्रिकेट, वॉलीबॉल और खो-खो जैसी प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर चयन और पदक हासिल किए हैं। इनमें विनीता यादव, पुष्पलता, पुष्पमाला, नंदिनी यादव और सीमा सोरी जैसे नाम शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर मेडल हासिल करने के बाद बोर्ड परीक्षा में 10 अंकों का बोनस भी मिला था।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर

स्कूल के प्राचार्य लांजेवार ने बताया कि स्कूल प्रबंधन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, जिसमें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेमलाल यादव, सरपंच कमलेश ठाकुर, पूर्व प्राचार्य रामनाथ साहू और सभी शिक्षकों ने अमन और प्रताप समेत सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।




